**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**04.08.2021 के**

**तारांकित प्रश्न सं. 230 का उत्तर**

**हरियाणा में नई बड़ी रेल लाइनें**

***230. सुश्री सुनीता दुग्गल :**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) गत दस वर्षों के दौरान देश में निर्माणाधीन अथवा निर्मित की गई नई बड़ी रेल लाइनों की सूची क्या है और उनकी प्रतिलाभ दर क्या है;**

**(ख) क्या गत दस वर्षों के दौरान हरियाणा में नई बड़ी रेल लाइनों का निर्माण किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या रेलवे को गत दस वर्षों के दौरान हरियाणा में नई बड़ी रेल लाइनों के सर्वेक्षण अथवा निर्माण से संबंधित कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;**

**(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा नई बड़ी रेल लाइनों के सर्वेक्षण अथवा निर्माण से संबंधित प्रस्तावों की स्थिति क्या है और इनके निर्माण की लागत एवं प्रतिलाभ दर परियोजना-वार कितनी है; और**

**(ड.) क्या सभी सर्वेक्षणों के लिए कार्यों को मंजूर कर दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ड.): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

हरियाणा में नई बड़ी रेल लाइनों के संबंध में दिनांक 04.08.2021 को लोक सभा में सुश्री सुनीता दुग्गल द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं.230 के भाग (क) से (ङ.) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): 2009-14 के दौरान, 1,727 कि.मी. नई लाइनों को 345 कि.मी. प्रति वर्ष की औसत वार्षिक दर पर यातायात के लिए चालू किया गया था और 2014-21 के दौरान 3,681 कि.मी. नई लाइनों को 526 कि.मी. प्रति वर्ष की औसत वार्षिक दर पर यातायात के लिए चालू किया गया है, जो 2009-14 (345 कि.मी. प्रति वर्ष) के दौरान यातायात के लिए चालू करने की औसत वार्षिक दर की तुलना में 52% अधिक है।

निर्माणाधीन नई लाइन परियोजनाओं, जो पिछले 10 वर्षों में स्वीकृत की गई थी, की सूची और इनके प्रतिफल की दर परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

01.04.2021 की स्थिति के अनुसार, 4,05,916 करोड़ रु. लागत वाली 21,037 कि.मी. लंबाई की 187 नई लाइन परियोजनाएं, योजना/स्वीकृति/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं जिनमें से 2,621 कि.मी. लंबाई को चालू कर दिया गया है और मार्च, 2021 तक 1,05,591 करोड़ रु. का व्यय किया गया है।

लागत, व्यय और परिव्यय सहित सभी चालू परियोजनाओं के ब्यौरे भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.indianrailways.gov.in>Ministry of Railways>Railway Board>About Indian Railways>Railway Board Directorates>Finance (Budget)>Rail Budget/Pink Book (year)> Railway-wise Works, Machinery and Rolling Stock Programme (RSP) पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराए जाते हैं।

2014-19 के दौरान भारतीय रेल में नई लाइन, आमान परिवर्तन और दोहरीकरण कार्यों के लिए औसत वार्षिक बजट आबंटन को 2009-14 के दौरान 11,527 करोड़ रुपए प्रति वर्ष से बढ़ाकर 26,026 करोड़ रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया जो 2009-14 के औसत वार्षिक बजट परिव्यय से 126% अधिक है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए इन परियोजनाओं हेतु 43,626 करोड़ रुपए का औसत वार्षिक बजट आबंटित किया गया जो 2009-14 के औसत वार्षिक बजट परिव्यय से 278% अधिक है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इन कार्यों हेतु अभी तक का सर्वाधिक बजट परिव्यय 52,498 करोड़ रुपए (बजट अनुमान 45,465 करोड़ रु. और अतिरिक्त आबंटन 7,033 करोड़ रु.) मुहैया कराया गया है, जो वर्ष 2009-14 के औसत वार्षिक बजट परिव्यय से 355% अधिक है।

(ख): जी हां। 2009-14 के दौरान, हरियाणा राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली 75 कि.मी. नई लाइनों को यातायात के लिए चालू किया गया था और 2014-21 के दौरान, 94 कि.मी. नई लाइनों को यातायात के लिए चालू किया गया है।

वर्ष 2014-19 के दौरान हरियाणा राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं एवं संरक्षा कार्यों हेतु औसत वार्षिक बजट आबंटन को वर्ष 2009-14 के दौरान 315 करोड़ रुपए प्रति वर्ष से बढ़ाकर 968 करोड़ रुपए प्रति वर्ष कर दिया गया, जो वर्ष 2009-14 के औसत वार्षिक बजट परिव्यय से 207% अधिक है और वित्त वर्ष 2020-21 के लिए, इन परियोजनाओं हेतु 1070 करोड़ रुपए का बजट परिव्यय मुहैया कराया गया, जो वर्ष 2009-14 के औसत वार्षिक बजट परिव्यय से 240% अधिक है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इन कार्यों हेतु 1301 करोड़ रुपए (बजट अनुमान 1201 करोड़ रु. और अतिरिक्त आबंटन 100 करोड़ रु.) का बजट परिव्यय मुहैया कराया गया है, जो वर्ष 2009-14 के औसत वार्षिक बजट परिव्यय से 313% अधिक है।

(ग): जी हां। रेलवे में नई लाइनों के लिए औपचारिक और अनौपचारिक प्रस्ताव/मांगें विभिन्न स्तरों यथा रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलें और मंडल मुख्यालय आदि स्तरों पर प्राप्त होती हैं।

(घ) और (ड.): नई रेल लाइनों के लिए सर्वेक्षण करना एक सतत प्रक्रिया है जो निरंतर चलती रहती है। पिछले 10 वर्षों अर्थात 2011-12 से 2020-21 तक हरियाणा राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से पड़ने वाली 2539 कि.मी. की नई बड़े आमान वाली लाइनों के लिए कुल 33 सर्वेक्षण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसी अवधि के दौरान, 2974 कि.मी. बड़े आमान वाली लाइनों के कुल 31 सर्वेक्षण पूरे हो गए हैं।

*****

**हरियाणा में नई बड़ी रेल लाइनों के संबंध में दिनांक 04.08.2021 को लोक सभा में सुश्री सुनीता दुग्गल द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं.230 के भाग (क) के उत्तर से संबंधित परिशिष्ट।**

**(क): पिछले 10 वर्षों में स्वीकृत की गईं निर्माणाधीन नई लाइन परियोजनाएं:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | शामिल करने का वर्ष | प्रतिफल की दर |
|---|---|---|---|
| 1 | मुरकोंगसेलेक-पासीघाट | 2011-12 | (-) 1.99% |
| 2 | कादियां-ब्यास | 2011-12 | (-) 4.2% |
| 3 | रतलाम-डूंगरपुर बरास्ता बांसवाड़ा | 2011-12 | 2.40% |
| 4 | नाडिकुडी-श्रीकालाहस्ती | 2011-12 | 21.18% |
| 5 | वडसा-गडचिरोली | 2011-12 | (-) |
| 6 | मदुरै-तूतीकोरिन बरास्ता अरुप्पुकोट्टै | 2011-12 | 16.81% |
| 7 | तुमकुर-चित्रदुर्ग-दावनगेरे | 2011-12 | 12.10% |
| 8 | शिमोगा-हरिहर | 2011-12 | 18.42% |
| 9 | व्हाइटफील्ड-कोलार | 2011-12 | 13.52% |
| 10 | मारिकुप्पम-कुप्पम | 2011-12 | 3.68% |
| 11 | अगरतला-अखौरा (बांग्लादेश) | 2012-13 | डोनर परियोजना |
| 12 | ऊंचाहार-अमेठी | 2012-13 | (-) 7.78% |
| 13 | रोहतक-मेहम-हांसी | 2012-13 | (-) 10.82% |
| 14 | भद्राचलम-कोव्वूर | 2012-13 | 20% |
| 15 | अक्कनपेट-मेदक | 2012-13 | 18% |
| 16 | पीरपैंती-जसीडीह | 2013-14 | (-) 8.00% |
| 17 | फिरोज़पुर-पट्टी | 2013-14 | 9.00% |
| 18 | गेवरा रोड-पेन्ड्रा रोड | 2013-14 | 22.39% |
| 19 | खरसिया-धर्मजयगढ़ स्पर लाइन सहित (रायगढ़ (मंड कोलियरी-भूदेवपुर) | 2013-14 | 26.11% |
| 20 | गदग-वाडी | 2013-14 | 17.18% |
| 21 | दिघी पोर्ट-रोहा | 2015-16 | 14% |
| 22 | मऊ-गाज़ीपुर-तारीघाट | 2015-16 | (-) 8.3% |
| 23 | अजमेर-सवाई माधोपुर | 2015-16 | (-) 7.25% |
| 24 | वैभववाड़ी-कोल्हापुर | 2016-17 | 5.00% |
| 25 | जेपोर-मलकानगिरी | 2016-17 | 10.33% |
| 26 | जेपोर-नबरंगपुर | 2016-17 | 1.26% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | चित्रा-बासुकीनाथ | 2016-17 | 1.89% |
| 28 | सहजनवा-दोहरीघाट | 2016-17 | (-) 2.95% |
| 29 | बहराइच-श्रावस्ती-बलरामपुर/तुलसीपुर (खलीलाबाद) | 2016-17 | (-) 2.15% |
| 30 | मोराप्पुर-धर्मापुरी | 2016-17 | (-) 5.60% |
| 31 | इंदौर-बुदनी (इंदौर-जबलपुर) | 2016-17 | (-) 7.83% |
| 32 | नीमच-बड़ी सादड़ी | 2017-18 | (-) 3.5% |
| 33 | सोलापुर-तुलजापुर-उस्मानाबाद | 2018-19 | (-) 0.13% |
| 34 | धुले (बोरविहिर)-नरदाना | 2018-19 | 0.90% |
| 35 | तालचेर में वाई कनेक्शन सहित तालचेर एवं अंगुल | 2018-19 | 16.51% |
| 36 | झाझा-बतिया | 2018-19 | (-) 3.86% |
| 37 | पारसनाथ-मधुबन-गिरीडीह नई लाइन | 2018-19 | 6.60% |
| 38 | आरडीएसओ के लिए टेस्ट ट्रैक | 2018-19 | प्रतिफल की दर अपेक्षित नहीं |
| 39 | चिरीमिरी-नागपुर हॉल्ट | 2018-19 | (-) 16.08% |
| 40 | रामेश्वरम-धनुषकोडि | 2018-19 | (-) 6.4% |
| 41 | शिमोगा-शिकारीपुरा-रानीबेन्नूर | 2018-19 | (-) 8.15% |
| 42 | हसन-बेलूर | 2018-19 | (-) |
| 43 | महिषासन (भारत)-जीरो पाइंट (बांग्लादेश) का निर्माण | 2020-21 | (-) 13.75% |

*****